जनसंपर्क कार्यालय
जामिया मिल्लिया इस्लामिया

30 सितंबर, 2024

प्रेस विज्ञप्ति

**जामिया के छात्र मुन्ना खालिद ने इंडोनेशिया पैरा बैडमिंटन इंटरनेशनल 2024 में दो कांस्य पदक जीते**

जामिया मिल्लिया इस्लामिया के पीएचडी छात्र मुन्ना खालिद ने इंडोनेशिया के सोलो शहर में आयोजित इंडोनेशिया पैरा बैडमिंटन इंटरनेशनल 2024 में दो कांस्य पदक जीते हैं। इस चैंपियनशिप का आयोजन बीडब्ल्यूएफ बैडमिंटन वर्ल्ड फेडरेशन द्वारा किया गया था जिसमें दुनिया भर के देशों ने प्रतिभागिता की ।

ग्रुप मैच में विजयी होने के उपरांत खालिद सेमीफाइनल में पहुंचे परंतु मैच में दक्षिण कोरिया के नंबर एक खिलाड़ी किम जेजे से वह 12-21 और 11-21 से हार गए। मिक्स्ड डबल में भी उन्हें कांस्य पदक से संतोष करना पड़ा।

अभी हाल ही में जुलाई महीने में खालिद ने युगांडा पैरा बैडमिंटन चैंपियनशिप 2024 में स्वर्ण, रजत और कांस्य पदक जीते हैं । उन्होंने फरवरी, 2024 के महीने में पैरा बैडमिंटन विश्व चैंपियनशिप 2024 में भी भाग लिया। गत वर्ष दिसंबर में खालिद ने खेलो इंडिया पैरा गेम्स 2023 में कांस्य पदक जीता था। भारत के लिए अभी तक खालिद ने सात अंतरराष्ट्रीय पदक जीते हैं, जिसमें दो स्वर्ण, दो रजत और तीन कांस्य पदक शामिल हैं।

जामिया मिल्लिया इस्लामिया के कार्यवाहक कुलपति प्रो. मोहम्मद शकील ने मुन्ना खालिद को इस उपलब्धि के लिए बधाई दी और उनके भविष्य के प्रयासों में सफलता की कामना की।

जामिया मिल्लिया इस्लामिया के गेम्स एंड स्पोर्ट्स निदेशक प्रो. औरंगजेब खुर्रम हफीज ने उम्मीद जताई कि खालिद विश्वविद्यालय एवं देश के लिए और अधिक सम्मान अर्जित करेंगे। उन्होंने आगामी चैंपियनशिप के लिए उनकी सफलता की कामना की है ।

जनसंपर्क कार्यालय
जामिया मिल्लिया इस्लामिया